पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.)/084/2015-17 प्रकाशित 01.09.2016

इस अंक का मूल्य 2 रुपये

॥ ओ३म् ॥



# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join-http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालयः आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाषः 9810117464, 9868051444

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 38 वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिये आप सभी का हार्दिक आभार व धन्यवाद

डा. अनिल आर्य
राष्ट्रीय अध्यक्ष
9810117464

महेन्द्र भाई
राष्ट्रीय महामंत्री
9013137070

वर्ष-33 अंक-7 भादस्-2073 दयानन्दाब्द 192 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2016 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशितः 1.09.2016 E-mail:aryayouthn@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website: www.aryayuvakparishad.com

## अलवर में ''आर्य महिला प्रशिक्षण महाविद्यालय'' के नये भवन का उद्घाटन
## महिलाओं के उत्थान में आर्य समाज का अविस्मरणीय योगदान -लोकायुक्त सज्जनसिंह कोठारी






शनिवार, 27 अगस्त 2016,आर्य कन्या विद्यालय समिति अलवर के तत्वावधान में संचालित वैदिक विद्या मन्दिर मालवीय नगर,अलवर में बी.एड. के नये भवन का उद्घाटन हुआ । इस अवसर पर मंच पर बांये से समिति के मन्त्री प्रदीप आर्य,आनन्द कुमार आर्य(टाण्डा,उ.प्र.), समारोह अध्यक्ष सुरेश चन्द आर्य(अहमदाबाद),मुख्य अतिथि सज्जनसिंह कोठारी (लोकायुक्त,राजस्थान),समिति के प्रधान जगदीश गुप्ता,डा.अनिल आर्य(दिल्ली) व अनिता कोठारी । द्वितीय चित्र–डा.अनिल आर्य को सम्मानित करते लोकायुक्त सज्जनसिंह कोठारी व जगदीश गुप्ता ।

राजस्थान के लोकायुक्त सज्जनसिंह कोठरी ने कहा कि महिलाओं के उत्थान व शिक्षा के क्षेत्र में आर्य समाज के योगदान को सदैव स्मरण रखा जायेगा । उन्होंने नये भवन का उद्घाटन कर छात्राओं को शिक्षित करने की दिशा में एक कदम ओर आगे बढाने की प्रशंसा की। आर्य नेता आनन्द कुमार आर्य ने बताया कि नारी शक्ति के शिक्षित होने से राष्ट्र ओर अधिक आगे बढ़ेगा । केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य ने कहा कि पहली बार अलवर आर्य महासम्मेलन में 1970 में आने का अवसर मिला था, श्री छोटुसिंह आर्य आर्य समाज के महान स्तम्भ रहे, उनका लगाया पौधा आज 5000 बालिकाओं को शिक्षित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है । समारोह अध्यक्ष सुरेशचन्द आर्य ने कहा कि महिलाओं के शिक्षित करने से आगे आने वाली पीढ़ी भी संस्कारित होती है । अनिता कोठारी ने बच्चों की बात ध्यान से सुनने व उनके प्रश्नों का सरलता से उतर देने की ओर ध्यान दिलाया । समिति के प्रधान जगदीश गुप्ता ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला व मन्त्री प्रदीप आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया । समारोह का संचालन निदेशक कमला शर्मा ने किया । विद्यालय की छात्राओं द्वारा मधुर भजन,समूहगान के रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये । दिल्ली से प्रान्तीय संचालक रामकुमारसिंह,अरूण आर्य,वरूण आर्य,रोहित आर्य,बहरोड़ से प्रान्तीय अध्यक्ष रामकृष्ण शास्त्री,सुनील आर्य,कवि बलबीर करूण आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।





दीप प्रज्जवलित करते डा.अनिल आर्य,साथ में प्रदीप आर्य व जगदीश गुप्ता । द्वितीय चित्र में समारोह में उपस्थित आर्य जन व छात्राऐं ।



उद्घाटन समारोह का सामुहिक चित्र मुख्य अतिथि सज्जनसिंह कोठारी,डा.अनिल आर्य,प्रदीप कुमार आर्य,जगदीशप्रसाद गुप्ता, सुरेश चन्द आर्य,आनन्द कुमार आर्य,रामकुमार सिंह,रामकृष्ण शास्त्री,अनिता कोठारी व कमला शर्मा आदि के साथ ।

# योगेश्वर श्री कृष्ण के विषय में प्रमुख ऐतिहासिक पुरुषों की सम्मतियां

—मनमोहन कुमार आर्य, देहरादून।

कल 25 अगस्त, 2016 को श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव है। भारत के महान ऐतिहासिक पुरुशों में जो स्थान श्री राम चन्द्र जी और श्री कृष्ण जी को प्राप्त है वह अन्य किसी को नहीं है। इन महापुरुशों के जीवन के आदर्शों के कारण ही मध्यकाल में इन्हें अवतार तक की संज्ञा दे डाली गई जबकि ईश्वर प्रदत्त ज्ञान वेदों के अनुसार ईश्वर का अवतार कभी नहीं होता। श्री कृष्ण जी का जीवन और चरित्र न केवल समस्त भारतवासियों अपितु विश्व के सभी लोगों के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय है। यदि संसार के लोग श्री कृष्ण को अपना आदर्श पुरुश मान लें तो वह सभी उनके जैसे बन सकते है अन्यथा वह जिसे अपना आदर्श मानेंगे, निश्चय ही उन जैसे ही होंगे। आज जन्माश्टमी पर्व के अवसर पर हम श्री कृष्ण जी के सबंध में उनके समकालीन कुछ ऐतिहासिक प्रमुख हस्तियों महर्शि वेदव्यास, महात्मा भीश्म पितामह, महात्मा विदुर, धर्मराज युधिश्ठिर, कौरव—युवराज दुर्योधन एवं कौरव—राज धृतराश्ट्र की सम्मतियां प्रस्तुत कर रहें है। यह सामग्री हमने 'दयानन्द सन्देश' मासिक पत्रिका के 'योगेश्वर श्रीकृश्ण' विशेशांक सितम्बर, 1989 से ली है।

**महर्षि वेदव्यास**

**यो वै कामान्न भयान्न लोभान्नार्थकारणात्।**
**अन्यायमनुवर्त्तेत स्थिरबुद्धिरलोलुपः। धर्मज्ञो धृतिमान् प्राज्ञः सर्वभूतेशु केषवः।।**
**(महाभारत उद्योग. अ. ८३)**

पाण्डवों की ओर से दूत रूप में जाने के लिए उत्सुक श्री कृश्ण के विशय में वेदव्यास जी कहते हैं कि श्री कृश्ण लोभ रहित तथा स्थिर बुद्धि हैं। उन्हें सांसारिक लोगों को विचलित करने वाली कामना, भय, लोभ या स्वार्थ आदि कोई भी विचलित नही कर सकता, अतएव श्री कृश्ण कदापि अन्याय का अनुसरण नहीं कर सकते। इस पृथ्वी पर समस्त मनुश्यों में श्री कृश्ण ही धर्म के ज्ञाता, परम धैर्यवान और परम बुद्धिमान हैं।

**पितामह भीष्म**

**ज्ञानवृद्धो द्विजातीनां क्षत्रियाणां बलाधिकः। पूज्ये ताविह गोविन्दे-हेतु द्वावपि संस्थितौ।।**
**वेदवेदांगविज्ञानं बलं चाप्यमितं तथा। नृणां लोकेहि कस्यास्ति विषिशटं केषवाद् ऋते।।**
**(महाभारत सभा.३८ अ.)**

धर्मराज युधिश्ठिर के राजसूय—यज्ञ में अग्र पूजा के अवसर पर किसी सर्वश्रेशठ व्यक्ति की पूजा की जानी थी। उस समय श्री कृश्ण का नाम प्रस्तुत करते हुए भीश्म जी कहते है——संसार में पूजा के दो ही मुख्य कारण होते है——ज्ञान और बल। श्री कृश्ण में ये दोनों गुण सर्वाधिक हैं, अतः श्री कृश्ण ही पूजा के योग्य हैं। इस समय संसार में कोई भी मनुश्य ऐसा नहीं है कि ज्ञान तथा बल में श्री कृश्ण से अधिक हो।

**महात्मा विदुर:** महात्मा विदुर धृतराश्ट्र को समझाते हुए कहते हैं कि हे धृतराश्ट्र ! पृथ्वी पर श्री कृश्ण सबके पूज्य हैं और वे जो कुछ कह रहे हैं वह हम सबके कल्याण की भावना से ही कह रहे हैं। और यह तुम्हारी बड़ी भूल है कि मैं श्री कृश्ण को बहुमूल्य उपहार देकर अपने पक्ष में कर लूंगा। श्री कृश्ण की अर्जुन के साथ जो दृढ़ मित्रता है, उसे आप धनादि के प्रलोभन से समाप्त नहीं कर सकते। (सन्दर्भः महाभारत उद्योगपर्व अध्याय 88)

**धर्मराज युधिष्ठिर:** महाभारत संग्राम की समाप्ति पर युधिश्ठिर श्री कृश्ण के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट करते हुए कहते हैं——हे यादवों में श्रेश्ठ तथा शत्रुओं को जीतने में दक्ष श्री कृश्ण ! हमें यह हमारा पैतृक राज्य आपकी कृपा से प्राप्त हुआ है। आपकी शूरवीरता, अद्भुत युद्धनीति, लोकोत्तर बुद्धि कौशल तथा पराक्रम से ही हम इस संग्राम में विजयी हुए हैं, एतदर्थ आपका बार—बार धन्यवाद करते हैं। (महाभारत शान्तिपर्व 43 प्र.)

**कौरव-युवराज दुर्योधन :** श्री कृश्ण दुर्योधन के विपक्ष में तथा उसको हराने में मुख्य कर्णधार थे। पुनरपि श्रीकृश्ण के प्रति उसके हृदय में बड़ा सम्मान था। स्वयं दुर्योधन महात्मा विदुर के समझाने पर यह स्वीकार करता है——

**स हि पूज्यतमो लोके, कृश्णः पृथुललोचनः। त्रयाणामपि लोकानां विदितं मम सर्वथा।।**
**(महा. उद्योग. ८९/५)?**

हे विदुर जी ! मैं यह भलीभांति जानता हूं कि श्री कृश्ण तीनों लोकों में सर्वाधिक पूज्य हैं।

**कुरुराज धृतराष्ट्र:** मेरा पुत्र दुर्योघन श्री कृष्ण की महिमा का मोहवश निरादर कर रहा है। श्री कृष्ण में इतने गुण हैं कि उनको गिनाया नहीं जा सकता और इसीलिये उन्हें कोई पराजित नहीं कर सका है।

आर्यसमाज के संस्थापक ऋषि दयानन्द सरस्वती जी की सत्यार्थ प्रकाश में दी गई सम्मति भी महत्वपूर्ण हैं। श्री कृष्ण जी के विशय में वह लिखते हैं कि 'श्रीकृश्ण का गुण, कर्म, स्वभाव और चरित्र आप्त पुरुशों के सदृश है। श्रीकृश्ण ने जन्म से मरण पर्यन्त कुछ भी बुरा काम किया हो, ऐसा (महाभारतकार महर्शि वेदव्यास जी ने) नहीं लिखा।'

श्री कृश्ण जी के जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनायें और बधाई।

पताः 196 चुक्खूवाला—2, देहरादून—248001 फोनः 09412985121

## आर्यन महिला अभिनन्दन समारोह 18 सितम्बर को

ठाकुर विकमसिंह ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वावधान में ''आर्यन महिला अभिनन्दन समारोह'' रविवार, 18 सितम्बर 2016 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आर्य समाज,डिफेन्स कालोनी,नई दिल्ली में शिक्षाविद् डा.अमिता चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा । सभी आर्य जन सादर आमन्त्रित हैं । समारोह के पश्चात प्रीतिभोज का आनन्द लें ।

## गुरूकुल खेड़ाखुर्द का उत्सव 11 सितम्बर को

गुरूकुल खेड़ाखुर्द,दिल्ली का उत्सव रविवार, 11 सितम्बर 2016 को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक प्रधान श्री ब्रह्मप्रकाश मान की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा । सभी आर्य जन सपरिवार पंहुचे ।

— मनोज मान,मन्त्री — आचार्य सुधांशु, प्राचार्य

## अम्बाला में चिकित्सा शिविर

आर्य युवक परिषद् अम्बाला के तत्वाधान में रविवार 11 सितम्बर 2016 को प्रातः 10 बजे से 1:30 बजे तक एस. पी. विद्या मन्दिर हाई स्कूल रणजीत नगर अम्बाला शहर में श्री रामकुमार बंसल की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। श्री गुरनाम सिंह मल व श्री एस कश्यप मुख्य अतिथि होंगे—अजय गुप्ता प्रधान—9315100070

## चतरसिंह नागर पुनः प्रधान निर्वाचित

1. आर्य समाज,मस्जिद मोठ,नई दिल्ली के चुनाव में श्री चतरसिंह नागर—प्रधान,ओमप्रकाश सैनी—मन्त्री,विरेन्द्र सिंह—उपमन्त्री व देवेन्द्र कुमार—कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।
2. महिला आर्य समाज,सैक्टर—7,रोहिणी,दिल्ली के चुनाव में श्रीमती सन्तोष सिंघल—प्रधाना,श्रीमती उर्मिला आर्या—मन्त्रिणी व श्रीमती ऊषा आर्या कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुई । युवा उद्घोष की ओर से हार्दिक बधाई ।


## आर्य समाज टाण्डा का उत्सव

आर्य समाज,टाण्डा,जनपद—अम्बेडकर नगर,उ.प्र. का 125 वर्ष का भव्य समारोह 10 नवम्बर से 14 नवम्बर 2016 तक श्री आनन्द कुमार आर्य के कुशल संयोजन में मनाया जायेगा । सभी आर्य जन सादर आमन्त्रित हैं । सम्पर्कः 09331866618.

**शोक समाचार**

1. श्री सत्यदेव वर्मा (पूर्व मन्त्री,आर्य समाज,इन्द्रपुरी, दिल्ली का निधन।
2. श्रीमती बसन्तीदेवी गोयल (माता श्री विजय गोयल, केन्द्रीय मन्त्री) का निधन ।
3. मास्टर सत्यवीर सिंह (मंत्री,कन्या गुरूकुल, नरेला) का निधन ।
4. श्री मुकेश आनन्द (प्रीत विहार दिल्ली) का निधन।

## संन्यास आश्रम गाजियाबाद व जानीपुर जम्मू में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न



केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् गाजियाबाद के तत्वावधान में संन्यास आश्रम,गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह भव्यता से सम्पन्न हुआ । स्वामी चन्द्रवेश जी ने यज्ञ करवाया । आर्य नेता मायाप्रकाश त्यागी,डा.राजकुमार आर्य,महेन्द्र भाई,रामकुमारसिंह,सुरेश आर्य, यज्ञवीर चौहान आदि ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया । प्रान्तीय महामंत्री प्रवीन आर्य ने कुशल संचालन किया । सौरभ गुप्ता व जितेन्द्र आर्य ने व्यवस्था सम्भाली एवं आर्य समाज जानीपुर जम्मू में आचार्य विद्याभानु शास्त्री जी के अध्यक्षता में युवा संस्कार समारोह व लेखन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रान्तीय अध्यक्ष सुभाष बब्बर व मंत्री रमेश खजुरिया को हार्दिक बधाई।

# दुर्गापुरी अचीवमेन्ट एकेडमी में युवा संस्कार व परिषद् की बैठक कबीर बस्ती में सम्पन्न




शनिवार, 20 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में अचीवमेन्ट एकेडमी,दुर्गापुरी,शाहदरा,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार के श्रममन्त्री श्री गोपाल राय ने आर्य समाज के स्वर्णिम इतिहास की चर्चा की । महामन्त्री महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया । सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश जी ने ओजस्वी विचार रखे । प्रान्तीय संचालक रामकुमारसिंह आर्य ने संचालन किया । वेदप्रकाश आर्य,नरेन्द्र आर्य,पंकज सिंह,देव कुमार,राजेन्द्र खारी,शिशुपाल आर्य,यज्ञवीर चौहान आदि उपस्थित थे । सभी सुन्दर प्रीतिभोज का आनन्द लेकर विदा हुए । द्वितीय चित्र– रविवार, 28 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की वार्षिक बैठक परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य की अध्यक्षता में आर्य समाज कबीर बस्ती,पुरानी सब्जी मण्डी,दिल्ली में सोल्लास सम्पन्न हुई । महामन्त्री महेन्द्र भाई ने गत् वार्षिक विवरण पढ़कर सुनाया । सभी ने परिषद् की उन्नति हेतु व राष्ट्रीय अधिवेशन 4 सितम्बर को सफल बनाने के सुझाव दिये । वीरेन्द्र आहुजा,देवदत आर्य,के.एल.राणा,सोहनलाल मुखी,अनिल हाण्डा,सौरभ गुप्ता,अरूण आर्य,शिवम मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

# सफदरजंग एनक्लेव व अशोक विहार में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सोल्लास सम्पन्न





वीरवार, 25 अगस्त 2016,आर्य समाज,सफदरजंग एनक्लेव,नई दिल्ली में वेद प्रचार व योगीराज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सोल्लास मनाया गया । आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा के ओजस्वी प्रवचन हुए । चित्र में–श्रीमती राज लूथरा को सम्मानित करते डा.अनिल आर्य,आचार्य चन्द्रशेखर शर्मा,प्रधान रविदेव गुप्ता,चतरसिंह नागर,प्रकाशवीर शास्त्री,के.एल.राणा,बलबीर वर्मा,अनिल हाण्डा आदि । द्वितीय चित्र–आर्य समाज,अशोक विहार,फेज–1,दिल्ली में यज्ञ करते डा.अनिल आर्य,राकेश खुल्लर,विकान्त चौधरी आदि । प्रधान प्रेमकुमार सचदेवा ने आभार व्यक्त किया व मन्त्री जीवनलाल आर्य ने संचालन किया । आचार्य सतीश शास्त्री ने व्यवस्था सम्भाली ।


# सुल्तानपुरी,दिल्ली व ग्राम टीला,लोनी,गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के युवा संस्कार अभियान के अन्तर्गत–एन.डी.पी.एल. आफिस,सुलतानपुरी,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ । आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया । श्री दशरथ भारद्वाज व राधा भारद्वाज ने कुशल संचालन किया । धर्मपाल आर्य,सुरेन्द्र शास्त्री,रामकुमारसिंह,अरूण आर्य आदि भी उपस्थित थे । द्वितीय चित्र–आर्य समाज ग्राम टीला लोनी में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ । आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया । अजय आर्य 'पथिक'' ने कुशल संचालन किया । रामकुमारसिंह,सौरभ गुप्ता,शिशुपाल आर्य आदि उपस्थित रहे । शाखाध्यक्ष यश आर्य ने व्यवस्था सम्भाली ।

# सोनीपत,हरियाणा व बहरोड़,राजस्थान में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न





केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हरियाणा के प्रभारी श्री मनोहरलाल चावला की अध्यक्षता में सरस्वती पब्लिक स्कूल,सोनीपत में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ । आचार्य सन्दीप जी ने यज्ञ करवाया । आचार्य महेन्द्र भाई,वेदप्रकाश आर्य आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए । श्री हरिचन्द स्नेही ने कुशल संचालन किया । द्वितीय चित्र–राजस्थान के प्रान्तीय अध्यक्ष रामकृष्ण शास्त्री की अध्यक्षता में बहरोड़ में युवा संस्कार समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ । सैंकड़ों बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया ।

# डी.ए.वी.यूसफ सराय,नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




शुकवार, 26 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में डी.ए.वी.सी.सै.स्कूल,यूसफ सराय,नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व 80 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया। आचार्य श्यामलाल आर्य ने यज्ञ की महता पर प्रकाश डाला। डा.अनिल आर्य ने कहा कि संस्कारित युवा पीढ़ी से ही राष्ट्र का भविष्य निश्चित है। सत्यपाल सैनी,प्रकाशवीर शास्त्री,राजेन्द्र सिंह,ओमप्रकाश डंग आदि उपस्थित थे।

# संगम विहार व सफदरजंग एनक्लेव नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




रविवार, 21 अगस्त 2016,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दक्षिण दिल्ली मण्डल के तत्वावधान में संगम विहार में युवा संस्कार समारोह का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य की अध्यक्षता में किया गया। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व सोनिया,शिशुपाल आर्य के मधुर भजन हुए। रामकुमार सिंह,देवदत आर्य,के.एल. राणा,राजेन्द्र सिंह,रामचन्द आर्य आदि उपस्थित थे। श्री रामफल खर्ब ने कुशल मंच संचालन किया। द्वितीय चित्र–आर्य समाज,सफदरजंग एनक्लेव,नई दिल्ली में युवा संस्कार समारोह प्रधान श्री रविदेव गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया। स्वदेश शर्मा,रामबाबु गुप्ता,सुरेन्द्र गुप्ता,अनिल हाण्डा,रामकुमार सिंह,शिशुपाल आर्य,के.एल.राणा,प्रकाशवीर शास्त्री,आचार्य कुलदीप आदि उपस्थित थे।

# नरेला, दिल्ली के डी.डी.ए.पार्क में युवा संस्कार समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के युवा संस्कार अभियान के अन्तर्गत डी.डी.ए.पार्क,नरेला दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई व नन्दलाल शास्त्री ने यज्ञ करवाया। आचार्य गवेन्द्र शास्त्री के ओजस्वी प्रवचन हुए। श्री मनोज शास्त्री ने कुशल संचालन किया। प्रदेश महामन्त्री अरूण आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक नीलदमन खत्री,राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अनिल आर्य,आनन्द कुमार आर्य(बांकनेर),लक्ष्मणसिंह आर्य,हेमराज बंसल,शिशुपाल आर्य आदि ने अपने विचार रखे। माधवसिंह आर्य,अनुज आर्य,शिवम मिश्रा,दीपक आर्य ने व्यवस्था सम्भाली।

# जहांगीर पुरी के मूर्तिदेवी आर्य पब्लिक स्कूल में 100 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया




केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में मूर्तिदेवी पब्लिक स्कूल,के ब्लाक,जहांगीर पुरी,दिल्ली में युवा संस्कार समारोह में आचार्य विकास शास्त्री ने यज्ञ करवाया। परिषद् अध्यक्ष डा.अनिल आर्य,अरविन्द मिश्रा ने अपने विचार रखे। गजेन्द्र आर्य ने कुशल संचालन किया।

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स,** 2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष: 41548503 मो. 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक:** दिनेश आर्य मोबाईल: 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल: 9958889970